नोएडा > शुक्रवार, 23 नवंबर 2018 > मार्गशीर्ष 2 शक संवत 1940 कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा विक्रम 2075 YOUNG INDIA > YOUNG PAPER पेज 28* > मूल्य 3.00 या 7.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

NBT
नवभारत टाइम्स
गुरुपूरब दीयां लख-लख वधाइयां

यमुना सिटी में वीवो समेत 4 कंपनियों को मिली जमीन

■ प्रमुख संवाददाता, ग्रेनो

मोबाइल बनाने वाली कंपनी वीवो समेत चार कंपनियों को यमुना सिटी में गुरुवार को जमीन आवंटित कर दी गई। इससे यहां करीब 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं, वीवो के लिए काम करने वाली 10 कंपोनेंट कंपनियों को भी यहां जल्द जमीन आवंटित की जाएगी। यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि वीवो को यमुना सिटी के सेक्टर-24 में 169 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। कंपनी ने यहां 3935 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एमओयू में कंपनी की ओर से दावा किया गया है कि वह मार्च 2019 तक निर्माण पूरा कर यूनिट को चालू कर देगी। निर्माण के लिए पहले से बने स्ट्रक्चर को यहां फिट किया जाएगा। लिहाजा अधिक समय नहीं लगेगा। इसके अलावा गुरुवार को ही एमटी एंड टी, राज कॉरपोरेशन और केशरवानी प्राइवेट लिमिटेड को भी जमीन आवंटित की गई। इनमें केसरवानी को 1.25 एकड़ व अन्य दोनों कंपनियों को पांच-पांच एकड़ जमीन दी गई है। चारों कंपनियों ने कुल 4314 करोड़ रुपये का निवेश किया है। रोजगार के लिहाज से यह बड़ा कदम है। मार्च से यहां लोगों को रोजगार मिलने लगेगा। जिले के कम से कम 30 प्रतिशत युवाओं को रोजगार देने अनिवार्य किया गया है। 30 प्रतिशत में ग्रामीण व शहरी सभी लोग शामिल हैं।

अलॉटमेंट लेटर सौंपते अधिकारी